आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों द्वारा 20-सूत्री कार्यक्रम का प्रसारित किया जाना

*1066. **श्री राम प्रसाद देशमुख :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 8 मार्च, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2080 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी के विभिन्न विज्ञापन केन्द्रों से 9 जनवरी, 1978 को प्रसारित 'चिन्तन' कार्यक्रम के बारे में की जा रही व्यापक जाच इस बीच पूरी की जा चुकी है ,

(ख) यदि हा, तो किन तथ्यो का पता चला है और विज्ञापन केन्द्रो मे कार्य करने वाले कितने अधिकारी दोषी पाए गए है ,

(ग) क्या यह सच है कि बम्बई विविध भारती केन्द्र में कार्य करने वाले अधिकारियो के अतिरिक्त अन्य विज्ञापन केन्द्रो के अधिकारी भी लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराये गए है , और

(घ) यदि हा तो इस सम्बन्ध मे दोषी पाए गए अधिकारियो का सख्या कितनी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी). (क) और (ख) : 9 जनवरी, 1978 को 'चिन्तन' कार्यक्रम के प्रसारण के बारे मे जांच मुकम्मल हो चुकी है तथा जाच रिपोर्ट के आधार पर दो अधिकारियो को लिखित चेतावनिया दी गई हैं तथा अन्य दो अधिकारियो के विरुद्ध केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण नियन्त्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही शुरू की गई है।

(ग) जी, नही।

(घ) प्रश्न नही उठता।

उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों को सीमेंट की सप्लाई

*1067. **श्री गंगा भक्त सिंह :**

श्री शम्भू नाथ चतुर्वेदी :

क्या उद्योग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सीमेंट की सप्लाई के लिए बार-बार माग की जा रही है, परन्तु सप्लाई नही की गई है ,

(ख) यदि हा, तो वर्ष 1978 की पहली तिमाही मे उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यो को सीमेंट की सप्लाई कितनी मात्रा मे की गई , और

(ग) उक्त तिमाही के दौरान उत्तर प्रदेश को प्रति व्यक्ति कितने किलोग्राम सीमेंट का आवटन किया गया और अन्य राज्यों के बारे मे तत्सम्बन्धी औसत आकडे क्या हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) : (क) यह कहना सच नही है कि बार बार माग करने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश को सीमेंट की पूर्ति नही की जाती है।

(ख) जनवरी-मार्च, 1978 के दौरान उत्तर प्रदेश के लिए 5.50 लाख मी० टन सीमेंट का आवटन किया गया था। वास्तविक प्रेषण 5 68 लाख मी० टन रहा (जिसमें पिछली तिमाही का अप्रेषित बकाया सीमेंट भी शामिल था)। उपर्युक्त मात्रा के अलावा केन्द्रीय श्रेणी के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश को 0 73 लाख मी० टन सीमेंट की और पूर्ति की गई थी। जनवरी-मार्च, 1978 के दौरान राज्यो को किए गए सीमेंट आवटनों और प्रेषणो को संलग्न विवरण में दिखलाया गया है।